संख्या–cm-383
31/07/2020

मुख्यमंत्री ने ईद–उल–अजहा (बकरीद) की बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 31 जुलाई 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने ईद–उल–अजहा (बकरीद) के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी है। उन्होंने कहा कि ईद–उल–अजहा का त्योहार असीम आस्था का त्योहार है। खुदा के हुक्म पर बड़ी से बड़ी कुर्बानी के लिये तैयार रहना इस त्योहार का आदर्श है।

मुख्यमंत्री ने इस त्योहार को आपसी भाईचारा एवं सद्भाव के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि त्योहारों का आनंद आपसी भाईचारा के साथ मनाने से बढ़ता है और त्योहार का सच्चा आनंद मिलता है।

वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुये प्रत्येक व्यक्ति का सचेत रहना नितान्त आवश्यक है। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव का सबसे अच्छा उपाय सोशल डिस्टेंसिंग है। आप सब लोग घर के अंदर ही इबादत एवं कुर्बानी करें, आपके सहयोग से ही इस महामारी से निपटने में सफलता मिलेगी।

******